I.G.N.O.U. *Based*

# NEERAJ®

# B.H.I.E.-107

## आधुनिक यूरोप: 18वीं शताब्दी के मध्य से 20वीं शताब्दी के मध्य तक

**(Modern Europe: From mid-18th Century to mid-20th Century)**

By: *Narad Rai*

***Question Bank** Cum **Chapterwise Reference Book***
*Including* **Many Solved Question Papers**

NP

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
**1507, Ist Floor, Nai Sarak, Delhi - 6**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
**E-mail: info@neerajignoubooks.com**
**Website: www.neerajignoubooks.com**

MRP ₹ 240/-

***Published by:***

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**
*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only | Typesetting by: Competent Computers | Printed at: Novelty Printer |
|---|---|---|

***Notes:***

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## How to get Books by Post (V.P.P.)?

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*
*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***
*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*
*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

## आधुनिक यूरोप: मध्य अठारहवीं से मध्य बीसवीं शताब्दी तक
## ( Modern Europe: Mid Eighteenth to Mid Twentieth Centuries )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2018 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1 |
| *Sample Question Paper—1 (Solved)* | 1 |
| *Sample Question Paper—2 (Solved)* | 1 |


| *S.No.* | ***Chapterwise Reference Book*** | ***Page*** |
|---|---|---|


**आधुनिक राजनीति का उद्भव–I (The Origins of Modern Politics-II)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आधुनिक राज्य और राजनैतिक संस्कृति (The Modern State and Political Culture) | 1 |
| 2. | जनता की क्रान्तिकारी कार्रवाई (Rodical Action by the Masses) | 11 |
| 3. | आधुनिक फ्रांसीसी राज्य की स्थापना (Formation of Modern French State) | 18 |

**आधुनिक राजनीति का उद्भव–2 (The Origins of Modern Politics-II)**

| | | |
|---|---|---|
| 4. | बौद्धिक प्रवृत्तियाँ (Intellectual Trends) | 25 |
| 5. | ब्रिटेन में राजनीतिक संक्रमण : 1780-1850 (Political Transition in Britain: 1780-1850) | 30 |
| 6. | यूरोपीय राजनीतिक व्यवस्थाएँ (European Political Systems) | 40 |

**यूरोप में औद्योगिक क्रान्ति (Industrialisation in Europe)**

| | | |
|---|---|---|
| 7. | औद्योगिक पूंजीवाद का उदय (Rise of Industrial Capitalism) | 50 |
| 8. | औद्योगीकरण 1750-1850 (Industrialisation 1750-1850) | 54 |
| 9. | औद्योगीकरण 1851-1914 (Industrialisation 1851-1914) | 61 |
| 10. | उद्योग और शहरीकरण (Industry and Urbanisation) | 69 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **आधुनिक औद्योगिक समाज (Modern Industrial Society)** | |
| 11. | किसान, कारीगर और मजदूर (Peasants, Artisans and Workers) | 76 |
| 12. | मध्य वर्ग (The Middle Class) | 81 |
| 13. | महिलाओं का बदलता संसार (Tranforming World of Women) | 86 |
| 14. | शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अवकाश (Education, Health and Leisure) | 95 |
| | **राष्ट्र-राज्य व्यवस्था (The Nation-State System)** | |
| 15. | राष्ट्रवाद और राष्ट्र-राज्य (Nationalism and the Nation-State) | 100 |
| 16. | राष्ट्र-राज्यों का निर्माण-I : ब्रिटिश और फ्रांसीसी (Formation of Nation-State-I : British and French) | 107 |
| 17. | राष्ट्र-राज्यों का निर्माण-II: जर्मनी और इटली (Formation of Nation-State 2: Germany and Italy) | 112 |
| 18. | साम्राज्य और राष्ट्र-राज्य-I : औटोमन और हैब्सबर्ग साम्राज्य (Emires and Nation-State-1: Ottoman and Habsburg Empires) | 119 |
| 19. | साम्राज्य और राष्ट्र-राज्य-II : रूसी साम्राज्य और सोवियत संघ (Empires and Nation-States-II: The Russian Empire and Soviet Union) | 124 |
| | **उपनिवेशवाद एवं साम्राज्यवाद (Colonialism and Imperialism)** | |
| 20. | उपनिवेशवाद एवं साम्राज्यवाद (Colonialism and Imperialism) | 128 |
| 21. | औपनिवेशिक आधिपत्य की पद्धतियां-I (Patterns of Colonial Domination-I) | 133 |
| 22. | औपनिवेशिक आधिपत्य की पद्धतियां-II (Patterns of Colonial Domination-II) | 139 |
| 23. | साम्राज्यवाद के सांस्कृतिक आयाम (Cultural Dimensions of Imperialism) | 144 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **बीसवीं शताब्दी का संकट – I (The Crises of the 20th Century-I)** | |
| 24. | उदारवादी जनतंत्र (Liberal Democracy) | 150 |
| 25. | प्रतिक्रान्ति-I: फासीवाद से अनुदार तानाशाही तक (Counter Revolution-I: Fascism to Conservative Dictatorship) | 155 |
| 26. | प्रतिक्रान्ति-II : जर्मनी में राष्ट्रीय समाजवाद (Counter Revolution-II: National Socialism in Germany) | 161 |
| 27. | समाजवादी विश्व-I ( The Socialist World-I) | 168 |
| 28. | समाजवादी विश्व-II ( The Socialist World-II) | 175 |
| | **बीसवीं शताब्दी का संकट–II (The Crisis of the 20th Century-II)** | |
| 29. | पूंजीवाद का संकट (The Crisis of Capitalism) | 181 |
| 30. | दो विश्व युद्ध (Two World Wars) | 186 |
| 31. | युद्धोत्तर विश्व की झलक-I (Glimpse of Post-War World-I) | 191 |
| 32. | युद्धोत्तर विश्व की झलक-II (Glimpse of Post-War World-II) | 195 |

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*(June – 2019)*

*(Solved)*

## आधुनिक यूरोप : 18वीं शताब्दी के मध्य से 20वीं शताब्दी के मध्य तक

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *इस प्रश्न-पत्र में तीन खण्ड हैं। विद्यार्थियों को **खण्ड I** में से कोई दो प्रश्न, **खण्ड II** में से कोई चार प्रश्न तथा **खण्ड III** में से कोई दो संक्षिप्त टिप्पणियाँ करनी हैं।*

**खण्ड I**

**प्रश्न 1. आधुनिक काल में जनतांत्रिक राजनीति के विरोधाभासों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-1, पृष्ठ-2, 'लोकतांत्रिक राजतंत्र'

**प्रश्न 2. 1820 और 1830 के दशकों में यूरोप में क्रांतिकारी आन्दोलनों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-6, पृष्ठ-40, 'उन्नीसवीं शताब्दी के तीसरे तथा चौथे दशक में क्रांतिकारी आन्दोलन'

**प्रश्न 3. "राष्ट्रवाद एकीकरण और विभाजन दोनों तरह के आंदोलनों का समर्थन कर सकता है।" इस वक्तव्य की यूरोप में राष्ट्रवादी गोलबन्दी के संदर्भ में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-15, पृष्ठ-101, 'जनतांत्रिक और राष्ट्रवादी लामबंदी के बीच संबंध'

**प्रश्न 4. रूसी सरकार ने रूस में समाजवाद के निर्माण का प्रयत्न किस प्रकार से किया?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-27, पृष्ठ-169, 'समाजवाद का निर्माण', परिवर्तन की प्रकृति लोकप्रिय पहल', 'युद्ध साम्यवाद 1918-1921', 'आर्थिक पहल और नीतिगत निर्णय'

**खण्ड II**

**प्रश्न 5. फ्रांस में 1789 में आर्थिक संकट किस प्रकार से क्रान्ति का कारण बना?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-2, पृष्ठ-14, प्रश्न 1, प्रश्न 2, प्रश्न 3

**प्रश्न 6. कृषि और वाणिज्य के विकास ने किस प्रकार से ब्रिटेन में उद्योगीकरण में सहायता की?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-8, पृष्ठ-54, 'ब्रिटेन में उद्योगीकरण'

**प्रश्न 7. प्रबोधन के चिन्तकों के योगदान पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-4, पृष्ठ-25, 'ज्ञानोदय'

**प्रश्न 8. उद्योगीकरण ने किस प्रकार से यूरोप में महिलाओं की स्थिति को परिवर्तित किया?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-13, पृष्ठ-93, प्रश्न 7

**प्रश्न 9. "बिस्मार्क जर्मनी के एकीकरण का रचियता था।" इस वक्तव्य की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-17, पृष्ठ-113, 'एकीकरण: आरोपित क्रान्ति'

**प्रश्न 10. उपनिवेशवाद के अर्थ की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-20, पृष्ठ-130, प्रश्न 1

**प्रश्न 11. इटली में फासीवाद का उदय कैसे हुआ?**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-25, पृष्ठ-155, 'इटली में फासीवाद राज्य की आधारभूमि'

**प्रश्न 12. विश्वयुद्ध के बाद पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में आए संकट पर संक्षेप में लिखिए।**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-29, पृष्ठ-181, 'युद्धोत्तर पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के संकट'

**खण्ड III**

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए**

**(क) सांस्कृतिक साम्राज्यवाद**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-23, पृष्ठ-144, 'साम्राज्यों के लिए सांस्कृतिक तर्क'

**(ख) मध्य वर्ग**

**उत्तर संदर्भ** देखें अध्याय-12, पृष्ठ-81, 'मध्यवर्ग की समझ'

**(ग) राष्ट्रसंघ**

www.neerajbooks.com



**उत्तर** राष्ट्र संघ में विभिन्न प्रकार की समितियां थी लेकिन इसकी स्थापना 1919 में की गई थी राष्ट्र की स्थापना पेरिस शांति सम्मेलन का महत्वपूर्ण सनातन कार्य था। राष्ट्र संघ की स्थापना में अमेरिकी राष्ट्रपति विल्सन की सर्वाधिक भूमिका रही। वर्साय संधि की प्रथम 26 धाराओं में संयुक्त राष्ट्र संघ की व्याख्या है। 1920 ईस्वी में राष्ट्र संघ ने अपना वैधानिक स्वरूप प्राप्त किया। वर्साय की संधि पर हस्ताक्षर करने वाले 32 देश इसके संस्थापक सदस्य बने, बाद में इनकी संख्या 55 हो गई। राष्ट्र संघ (लंदन) पेरिस शांति सम्मेलन के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्ववर्ती के रूप में गठित एक अंतर्शासकीय संगठन था। 28 सितम्बर 1934 से 23 फरवरी 1935 तक अपने सबसे बड़े प्रसार के समय इसके सदस्यों की संख्या 58 थी। इसके प्रतिज्ञा-पत्र में जैसा कहा गया है, इसके प्राथमिक लक्ष्यों में सामूहिक सुरक्षा द्वारा युद्ध को रोकना, नि:शस्त्रीकरण तथा अंतर्राष्ट्रीय विवादों का बातचीत एवं मध्यस्थता द्वारा समाधान करना शामिल थे। इस तथा अन्य संबंधित संधियों में श्रम दशाएं, मूल निवासियों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार, मानव एवं दवाओं का अवैध व्यापार, शस्त्र व्यपार, वैश्विक स्वास्थ्य, युद्धबंदी तथा यूरोप में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा जैसे लक्ष्य शामिल थे।

**(घ) भूमंडलीकरण के अंतर्विरोध**

**उत्तर** **संदर्भ** देखें अध्याय-29, पृष्ठ-183, 'भूमंडलीकरण और उसका असंतोष एवं विरोधाभास'

■■

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# आधुनिक यूरोपः 18वीं शताब्दी के मध्य से 20वीं शताब्दी के मध्य तक
# (Modern Europe: From mid-18th Century to mid-20th Century)

## आधुनिक राजनीति का उद्भव-I
## (The Origins of Modern Politics-I)

## आधुनिक राज्य और राजनैतिक संस्कृति
## (The Modern State and Political Culture)

1

### परिचय

आधुनिक यूरोपीय राज्यों का निर्माण आरम्भ के परम्परावादी राज्यों के अवशेष पर हुआ था। इन राज्यों में सर्वोच्च पूर्ण सत्ताधारी था, शासन जिनका विरोध करने के लिए जनता संगठित हो गयी थी। आधुनिक यूरोपीय राज्यों ने पर्याप्त शक्तियां प्राप्त कर लीं और यह आगे भी बढ़ती रहीं। उनका सभी क्षेत्रों में हस्तक्षेप होता था। ये राज्य जनता को आतंकित करने और उन पर अपना प्रभाव दिखाने के लिए बनावटी क्रियाकलाप करते थे। उनके कार्य आधुनिक राज्य की तुलना में सीमित थे। वे बहुत कम क्षेत्रों में कार्रवाई करते थे। उनकी कार्रवाई सैनिक वित्तीय, युद्ध और कर लगाने तक ही सीमित थी। अन्य क्षेत्रों में उनका हस्तक्षेप नाममात्र का होता था। ऐसा करने के कई कारण थे। वे एकाधिकार के माध्यम से प्रत्यक्ष शासन के बल का प्रयोग करते थे। वह लोगों पर सांस्कृतिक एकता थोपकर राष्ट्रवाद लाना चाहते थे और केवल दावे से लोकतंत्र स्थापित करना चाहते थे।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### प्रत्यक्ष शासन एवं नौकरशाही

आधुनिक यूरोपीय राज्यों की प्रथम एवं सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता उनका प्रत्यक्ष शासन है। राजाओं के अधिकार में सम्पूर्ण सत्ता थी। इसको मजबूत बनाने के लिए सामन्तों एवं रियासतों से सत्ता छीन ली और उसके स्थान पर शाही अधिकारियों एवं अमीरों की भर्ती की जो उनके प्रत्यक्ष अधीन थे। यही से आधुनिक नौकरशाही की उत्पत्ति हुई। इसके कारण तीन शताब्दियों तक राजा और सामन्तों आदि में संघर्ष होता रहा, जिसका अंत शाही निरंकुशता से हुआ रूस के इवान चतुर्थ तथा फ्रांस के कार्डिनजल किशलू आदि इस प्रकार के राज्य के निर्माता थे। उन्हें सभी प्रकार के राजनीतिक, आर्थिक अधिकार प्राप्त थे।

नौकरशाही ऐसा प्रशासनिक तंत्र था, जो अनेक छोटे-बड़े क्रम के अधिकारियों से निर्मित था। ये अधिकारी वेतनभोगी थे और अपने से उच्च अधिकारी के आदेशों का पालन करते और छोटे अधिकारों को आदेश देते थे। उनकी नियुक्ति क्षेत्र विशेष में योग्यता के आधार किया जाता था और उनका पद परिवर्तनीय था। नौकरशाही का यह आदर्श रूप है और कार्य करने के इस विशेष ढंग को तार्किक वैधानिक (Rational Legal) कहा गया है। मैक्स वेबर ने इस ढंग से वर्णन विस्तार से किया है, परन्तु व्यवहार की बातों से इससे भिन्न रूप में यह दिखाई देता है। फिर इससे आधुनिक प्रशासनिक ढाँचों को जानने का अवसर कई संगठनों में देखने को मिलता है। इस प्रकार की नौकरशाही प्रायः देखने को मिलती है और वो इसके आदी हो गये हैं। जब दूसरे शासन से इसकी तुलना की जाती है, तो इसमें कमी दिखाई देने लगती है। यदि शासन एक व्यक्ति पर छोड़ दिया जाये और इसका कोई अन्य विकल्प न हो, तो इसे अतार्किक, भ्रष्ट और पुरातन ही कहा जाएगा। परन्तु आज सम्पूर्ण विश्व में यही मापदंड हैं वस्तुतः यह आधुनिक नहीं है और लोग इसे पारंपरिक कहकर छोड़ देते हैं।

इन कमियों के बवाजूद नौकरशाही ऐसा साधन है, जो किसी भी अन्य साधन की अपेक्षा अधिक विश्वसनीय और अनुकूल प्रतिक्रिया देने वाला है। इसके द्वारा पूर्वानुमानित परिणामों वाले निर्णय करना सम्भव होता है। इसमें व्यक्तिगत स्वार्थ का कोई स्थान नहीं है, इसलिए पूर्व आधुनिककाल के शासकों के कार्य अधिक कृत्रिम, नाटकीय और कम प्रभावी दिखाई देते हैं। राजा तड़क-भड़क के कार्य तो खूब करता था, परन्तु इसमें उसका निजी स्वार्थ होता था। आधुनिक नौकरशाही में शासकों के बनावटी कार्य सामाप्त हो गये हैं और केवल राष्ट्रीय पर्वों को महत्त्व दिया जाता है। नौकरशाही में पूर्वानुमान की इतनी क्षमता है कि वह संकट आने से पूर्व ही उसे हल कर लेती है। वह किसी भी राजनीतिक प्रतिद्वन्द्वी को दण्डित कर सकती है। यह पुराने तानाशाही की अपेक्षा अधिक निरंकुश है।

नौकरशाही ने सत्ता के सभी क्षेत्रों में हस्तक्षेप किया है और अपने क्रियाकालाप को दर्शाया है। प्रारम्भ में राज्य केवल शक्तिशाली और धनी लोगों के लिए कार्य करता है, परन्तु सभी नागरिकों के सभी पहलुओं का ध्यान रखा जाता है। इसकी जानकारी के लिए खुफिया तंत्र विकसित किया गया है। इसकी सूचना उसे समस्याओं का पूर्व अनुमान हो गया है। आज नौकरशाही सभी प्रकार की सामाजिक, औद्योगिक या व्यावसायिक विवादों का निपटारा मध्यस्थता द्वारा या अन्य उपायों से किया जाता है। राज्य ने जनता की शिक्षा, कल्याण स्वास्थ्य आदि सबका उत्तरदायित्व अपने ऊपर ले लिया है।

आधुनिक राज्य हिंसा तथा दमन के मामले में बहुत आगे निकल गया है। आज इसके पास किसी भी अत्याचारी सामन्त से काफी अधिक सैनिक होते हैं। इस स्थायी सेना में लाखों सैनिक होते हैं, जिनका भरण-पोषण राज्य करता है। इन सैनिकों के पास आधुनिक हथियार एवं तकनीकी होती है। शस्त्र प्रौद्योगिकी बड़ी तेजी से विकसित हो रही थी, जिसका सामना सामन्तों के घुड़सवार और पैदल नहीं कर सकते हैं। यह हाथ से चलाने वाली बंदूक व तोप का रूप धारण चुकी थी, जिस पर राज्य का अधिकार होता था। बीसवीं शताब्दी राज्य टैंक और हवाई आक्रमण से भी लैस हो गया था, इसलिए राज्य का सामना करना लामबंद जनता के लिये सम्भव नहीं था। वे छापामार युद्ध प्रणाली और विद्रोह का सहारा ले सकते थे, परन्तु इससे विशेष सफलता नहीं मिल पाती है। इस प्रकार हिंसा पर राज्य का एकाधिकार स्थापित हो गया था।

## राष्ट्रवाद एवं राष्ट्र-राज्य

आधुनिक यूरोपीय राज्यों द्वारा नागरिकों पर थोपी गयी सांस्कृतिक एकरूपता से राष्ट्र एवं राष्ट्रवाद की उत्पत्ति हुई। **वस्तुतः** समान संस्कृति नागरिकों पर कार्रवाई करने, उनकी प्रतिक्रिया का पूर्वनुमान करने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने में राज्य को सरलता मिलती है। खण्डित राज्य में ऐसा सम्भव नहीं है, इसलिए आधुनिक राज्यों ने अकेले राज्य निर्माण का प्रयास किया। जनता या नागरिकों से यह आशा की गयी कि उन्हीं सिद्धान्तों का पालन करें, जिनसे उनका समाज शासित होता है, जैसे कानून के समक्ष समानता, ज्ञान की समान उपलब्धता, मताधिकार, शिक्षा एवं व्यवसाय का समान अवसर आदि।

राज्य में एकरूपता लाने में शिक्षा का बहुत अधिक योगदान रहा है, इसलिए आधुनिक राज्यों ने शिक्षा को बढ़ावा दिया। यूरोपीय राज्यों ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा अनिवार्य कर दिया गया। इसके माध्यम से समान मूल्यों एवं एक भाषा पर बल दिया गया। यही एक भाषा स्कूलों में पढ़ाई जाती थी। यूरोपीय राज्य ने एक भाषा और एक संस्कृति की ऐसी एकरूपता तैयार की, जिसमें सभी नागरिक एक ही रंग में रंग गये। समान संस्कृति के बोध को ही राष्ट्रवाद कहा जाता है। इस प्रकार यूरोपीय राष्ट्रवाद का जन्म हुआ। ब्रिटेन और फ्रांस इन्हीं प्रक्रियाओं से आगे चलकर राष्ट्र-राज्य के रूप में स्थापित हुए। इटली भी ऐसा ही उदाहरण है। इस प्रकार सम्पूर्ण यूरोप में विभिन्न राष्ट्रों में राष्ट्रवाद को बढ़ावा मिला।

सभी आधुनिक राज्यों ने राष्ट्रवाद को प्रेरित किया है। रूसी और आस्ट्रो-हंगरी राज्यों ने ऐसा नहीं किया, क्योंकि बहुराष्ट्रीय साम्राज्यों पर शासन कर रहे थे। उन्हें डर था कि ऐसा करके कई साम्राज्य टूट सकते थे। यह कार्य करने के लिए उन्हें क्षेत्रीय राष्ट्रवाद के विकसित होने से पूर्व करना चाहिए था। कई राज्य अपने यहाँ राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए अपने साम्राज्यों में अन्य संस्कृतियों को नष्ट कर दिया था, जैसे ब्रिटेन और फ्रांस ने। इस प्रकार यूरोप, ऐसे राष्ट्र राज्यों का जमावड़ा बन गया जो अपने भूभाग के अन्दर प्रभुता सम्पन्न सिद्धान्त में एक-दूसरे के प्रति सम्मान तथा एक दूसरे के साथ एक ऐसी व्यवस्था से सम्बद्ध थे जो स्वयं में एक अंतर्राष्ट्रीय संबंध नाम की एक स्वतंत्र विशेषज्ञता बन गयी। धीरे-धीरे आगे चलकर इसने सर्वभौमिक रूप धारण कर लिया। यहाँ एक ऐसे तंत्र का विकास हुआ जिसमें वे राज्य थे। जो भौतिक संसाधनों के मामले में समान न होते हुए भी सिद्धान्त तथा कानून की दृष्टि से एक-दूसरे से स्वतंत्र तथा प्रभुता संपन्न थे। इसके फलस्वरूप राज्यों के मध्य स्थायी राजदूतों के आदान-प्रदान तथा व्यापक कूटनीति की स्थिति तैयार हो गयी। इस कूटनीति में अपने राष्ट्रहित की रक्षा करना और उसे बढ़ावा देना सर्वोपरि था। इससे वहाँ राजनीतिक दल भी प्रभावित हुए और उन्होंने राष्ट्रवाद की विचारधारा को ग्रहण किया। जिन राज्यों ने ऐसा नहीं किया, वे सत्ता के संघर्ष में कमजोर पड़ गये।

## लोकतांत्रिक राजतंत्र

लोकतांत्रिक राज्य लोक इच्छा का प्रतिनधित्व करता है, इसलिए प्रभुता सम्पन्न होता है और असीमित शक्तियों का उपयोग करता है। विभिन्नों राज्यों (अमेरीका, ब्रिटेन एवं फ्रांस) के कार्यालयों के फलस्वरूप 18वीं शताब्दी में आधुनिक राज्यों का जन्म हुआ। उन्हें लोकतांत्रिक राज्य होने का दावा करना पड़ा और जनता का कार्य करना पड़ा। यह कार्य सभी उदारवादी और फासीवादी राज्यों को करना पड़ा। दोनों प्रकार के राज्यों में पर्याप्त अंतर्विरोध था, परन्तु सबको लोक इच्छा का आदर करना पड़ा।

लोकतांत्रिक राजनीति से तात्पर्य ऐसी विचारधारा से है, जिसमें जनता ही शासक मानी जाती है, परन्तु वास्तव वह शासक नहीं होती है, क्योंकि उसकी पर्याप्त अर्थात् लाखों में होती है। ऐसा तभी संभव था जब जनता कम संख्या में होती और आपसी तालमेल से कोई निर्णय ले पाती। इस प्रकार लोकतंत्र की धारणायें वास्तविक नहीं हैं। इसका समाधान यूरोप और अमेरिका से हुआ जहाँ लोग अपने प्रतिनिधि का चुनाव करने लगे। इन प्रतिनिधियों ने अपने अधिकार सरकार को सौंप दिए, जो लोगों के लिए अपने विवेक के अनुसार कार्य करती थी। जनता के हाथ में एक ही प्रभावी नियंत्रण चुनाव होता है। जिसमें वह अपने प्रतिनिधि को बदल सकती थी। चुनावों के मध्य की अवधि में प्रतिनिधित्व और शासन में जनता की कोई भूमिका नहीं होती थी परन्तु शासक और प्रतिनिधि जनता जनता का व्यवहार जानने की कोशिश करते हैं कि उनके कार्य जनता के लिए संतोषजनक है या नहीं, इसलिए चुनावों और इससे जुड़ी प्रक्रियाओं का बहुत अधिक महत्त्व था, जैसे सबको मतदान का अधिकार, गुप्त मतदान आदि।

क्रांतिकारियों और प्रति क्रांतिकारियों ने लोकतांत्रिक राजनीति का अलग ढंग से वर्णन किया। उदारवादी लोकतांत्रिक राजनीति के समान यहाँ भी चुनावों का महत्व था, परन्तु जनता का समर्थन प्राप्त करने के लिए बल प्रयोग भी होता था, मतदाताओं को मतदान से बाहर रखा जा सकता था अथवा उनके मतपत्रों पर दूसरे से मुहर लगवाई जा सकती थी। यह भी संभव था कि अनेक प्रत्याशियों को चुनाव में खड़ा होने से रोका जा सकता था जिससे कि मतदान केवल एक ही प्रत्याशी को मिल सके, परन्तु इस प्रकार जनता का समर्थन क्षणिक होता था, जैसे स्टालिन तथा हिटलर को कई बार जनता का समर्थन नहीं मिला।

तानाशाहों ने इस प्रकार लोकतांत्रिक माध्यमों को अपना लिया

www.neerajbooks.com



और इसके द्वारा अपने को वैध प्रमाणित करते थे। इस प्रणाली का प्रयोग सर्वप्रथम 1851 में फ्रांस लूई नेपोलियन ने किया। उसने चुनाव के लिए जनमत संग्रह करवाया और बाद में स्वयं को सम्राट घोषित कर दिया और लोकतांत्रिक आधार पर फरमान जारी करवाकर शासन किया। यह तरीका अनेक तानाशाहों ने अपनाया, जो जनता के मत का दूसरा रूप है। इसका सहारा जर्मनी के हिटलर, सोवियत संघ के बोल्शेविक शासन आदि ने लिया। जनता के बीच मान्य होने को प्रमाणित करने की यह समूची प्रक्रिया प्रभावी साधन किसी न किसी प्रकार की चुनावी प्रक्रिया में ही देखी गई। पैतृक रूप से सम्राट बनने का अधिक स्थान सम्राटों का अत्यधिक स्थान सत्ता के वास्तविक केन्द्र के रूप में चुने हुए शासकों व कभी-कभी चुने हुए सम्राटों ने ले लिया जैसे फ्रांस का नेपोलियन तृतीय। इस प्रकार राज्य के आधार तो अधिक लोकतांत्रिक हो गये, किंतु इसके निरंकुश शासन के अधिकार नौकरशाहीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से अधिक बढ़ गये। शारीरिक बल की तुलना में जनता का समर्थन श्रेष्ठ बल था। जनता के हितों को बढ़ावा देने के कारण सत्ता का प्रयोग का दावा राज्य के पास था, इसलिए वह इस प्रकार का समर्थन देने के लिए जनता को लामबंद कर सकता था। फ्रांसीसी क्रान्ति के बाद अधिकांश शासकों ने जनता का समर्थन प्राप्त किया।

राज्य का निर्माण तो लोकतांत्रिक तरीके से होता है, परन्तु उसके विभिन्न अंगों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं दिखाई देती, जैसे सशस्त्र बल, पुलिस और न्यायपालिका आदि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नहीं अपनाती परन्तु ये लोकतंत्र के लिए आवश्यक हैं। ये जनता के प्रति जवाबदेही होते। न्यायपालिका विवादों के निपटारे के साथ कानून की विवेचना करके एक प्रकार से कानून  बनाती है। विवादों को सुलझाने की प्रक्रिया में वह केवल व्यक्तियों के बीच ही नहीं, अपितु व्यक्तियों तथा राज्य के बीच भी मामलों को निपटाती थी, यद्यपि राज्य जनता का प्रतिनिधि है, परन्तु न्यायाधीश तो राज्य के विरुद्ध व्यक्यितयों के पक्ष में निर्णय कर सकते थे, इसलिए चुने हुए नेता इसको कभी-कभी प्रतिक्रियावादी मानते हैं। परन्तु यह भी सही है कि वह ऐसा करके नौकरशाही से व्यक्तियों की रक्षा भी करती है, इसीलिए न्यायापालिका को लोकतंत्र का आवश्यक अंग माना गया है।

अपनी न्यायिक समीक्षा के कारण भी न्यायपालिका को लोकतंत्र का अंग कहा जाता है। इसके अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायालय किसी भी कानून की समीक्षा कर निर्णय करती है, इसके द्वारा संविधान का उल्लंघन होता है या नहीं। इसी प्रकार वह जनता के प्रतिनिधि द्वारा बनाये गये विधान को रद्द भी कर सकती है। इस प्रकार न्यायपालिका में अनेक अधिकार होते हैं और ये अधिकार विधानपालिका से अधिक होते हैं। इसे इसके लिए स्वीकार किया जाता है, क्योंकि राजनीतिक व्यवस्था का लोकतांत्रिक सार लिखित संविधान में होता है। यूरोप में न्यायिक समीक्षा की विभिन्न विधियाँ हैं। ब्रिटेन की राजनीतिक व्यवस्था में यह देखने को नहीं मिलता। इतना होते हुए भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया तो लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपर्याप्त होती है और वस्तुत: स्वनियुक्ति करने वाले व्यक्तियों के एक छोटे से गुट को लोकतंत्र की रक्षा करने का एक अच्छा साधन माना जाता है।

आधुनिक लोक राजनीति आदर्श लोकतंत्र में प्रसिद्ध देशों में अनेक अर्थों में नहीं होती है। विभिन्न कार्यों में लोकतंत्र का अभाव होता है, जैसे जनता शासन नहीं करती, न्यायिक समीक्षा और न्याय करने अपने सिवाय किसी के प्रति जवाबदेह नहीं होते और राज्य अपने विशाल अधिकार वाले क्षेत्रों का उपयोग करता है; फिर भी लोकतंत्र का महत्त्व है। इतिहास में पहली बार राजनीति में ऊँचे स्तरों पर जनता की भागीदारी होती है। वह स्वयं शासन नहीं करती अनेक प्रक्रियाओं से सम्मिलित होती है, जिसमें चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण है। इस प्रकार की भागीदारी लामबन्दी से होती है।

18-19वीं शताब्दी के क्रान्तिकारी घटनाओं के फलस्वरूप राजनीतिक दलों का उदय हुआ, जिसकी अपनी विचारधाराएँ होती थीं। ये आने वाले विश्व की तस्वीर होती थी। राजनीतिक दल अपनी विशेष वैचारिक स्थिति के लिए तथा उसके साथ ही स्वयं अपने लिए भी जनता के बीच लामबंदी करने लगे। विभिन्न राजनीतिक दल सक्रिय रूप से जनता के बीच समर्थन बनाने की चेष्टा करने लगे, फलस्वरूप जनता का एक बड़ा वर्ग राजनीति में अधिक संख्या में भाग लेने लगा। राजनीतिक दल जनता से विभिन्न मांग करने लगे जैसे वोट देना, याचिका पर हस्ताक्षर करना, प्रदर्शन में भाग लेना और किसी सभा में भाग लना आदि। इन नए तरीकों से प्रत्येक हित समूह ने समर्थन जुटाकर राजनीतिक दल का निर्माण किया। जनता को लामबंद करने की प्रक्रिया ने ही राजनीति को लोकतांत्रिक बना दिया।

ये राजनीतिक दल ऐसे साधन बन गए, जिनके माध्यम से ऐसे शासकों को चुना जाता था और जिनके माध्यम से शासक अपने आपको वैध ठहराते थे। 19वीं शताब्दी में क्रमश: सभी देशों में राजनीति से यही तर्क निकलता है जनता के लोग स्वयं शासन नहीं करते अपितु उसमें उनका शामिल होना जरूरी है। यहाँ व्यक्ति या समूह की स्वतंत्रता या पसंद नहीं होती है, जबकि लोकतंत्र में यही मुख्य गुण होना चाहिए। अपने शासन में वैध होने का दावा और जनता के समर्थन हेतु राजनीतिक दलों की लामबंदी, इन दोनों का ही आधार नागरिकों के अधिकार हैं। नागरिकों के अधिकार का प्रयोग फ्रांसीसी क्रान्ति में और 'मानव अधिकार के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ में किया गया। लामबंदी का सहारा मात्र राज्य की सत्ता प्राप्त करने की इच्छा करने वाले राजनीतिक दल ही नहीं लेते, बल्कि विभिन्न संगठन भी करते हैं।

कई नागरिक कार्रवाई गुट अपना गठन करते हैं और सत्ता पाने के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए कार्य करते हैं, परन्तु उनके उद्देश्य अत्यन्त सीमित होते हैं, जैसे पर्यावरण की रक्षा करना, उपभोक्ताओं के अधिकारों समर्थन करना आदि। ये मात्र दबाव गुटों के रूप में किसी कल्याण के कार्य में संलिप्त हो जाते हैं। ये हित व्यापारिक या व्यावसायिक आदि हो सकते हैं। इस प्रकार जनता अपने अधिकारों के प्रयोग में सक्षम होती है और ऐसे ही नागरिकों की आधुनिक राजनीति में जरूरत है।

आधुनिक राजनीति की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता वाम, मध्य तथा दक्षिण पंथी राजनीतिक विचारधाराएँ और राजनीतिक दल हैं। वाम पंथ में वे सभी विचारधाएँ शामिल हैं, जिनमें परिवर्तन, निरन्तर प्रवर्तन एवं अतीत तथा परम्परा से भविष्य की ओर जाने का आग्रह होता है। इसका संबंध क्रान्ति से होता है। इनमें साम्यवाद और समाजवाद इसके प्रसिद्ध उदाहरण हैं। मध्य मार्ग परिवर्तन की प्रक्रिया को स्वीकार तो करता है, परन्तु वह प्रवर्तन की गति को धीमा रखना चाहता है। मध्य मार्ग अतिवाद से डरता है और क्रान्तिकारी नहीं होना चाहता। इसमें उदारवादी आन्दोलन आते हैं। फ्रांसीसी क्रान्ति इसी का उदाहरण है। ये भी परम्परा को समाप्त करना चाहते थे। दक्षिणपंथी विचारधारा का उद्देश्य क्रान्ति को लगाम देना और अस्तित्व में विद्यमान वस्तु को मजबूत करना था। वे परंपरा का प्रयोग करना चाहते थे और उनमें सुधार चाहते थे। दक्षिण पंथी में अनुदारवादी आते हैं जैसे यूरोप कि क्रिश्चियन लोकतंत्र और ब्रिटेन में टोरी दल। दक्षिण पंथियों ने प्रवर्तनों

www.neerajbooks.com

तथा क्रांतियों की नवीन शृंखला से जोड़ने का प्रयास किया, परन्तु बाद यथास्थिति को बनाये रखने का प्रयास किया।

दक्षिण पंथ का झुकाव प्रायः अतिवादी दृष्टिकोण की ओर रहा है। उसमें सब कुछ को नये रूप में डालने के प्रति घृणाभाव रहा है। उनका विचार था कि क्रान्ति के मूल को ही समाप्त कर देना चाहिए, इसलिए उसने आधुनिककाल की क्रान्तियों के लिए निर्मित प्रत्येक वस्तु पर प्रहार किया। यह एक प्रति क्रान्ति थी जो अनुदार पंथ समेत आधुनिक क्रान्तियां की विरोधी थी और इसी में उसने स्वयं को नष्ट कर लिया। इसके सर्वोत्तम उदाहरण 20वीं शतब्दी के फासीवाद तथा राष्ट्रीय समाजवाद थे।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. नौकरशाही की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं? पाँच वाक्यों में समझाइए।**

**उत्तर**–नौकरशाही से तात्पर्य प्रशासनिक तंत्र में बड़े-छोटे अर्थात् सभी प्रकार के निम्न से उच्च स्तर के अधिकारियों के क्रम से है। नौकरशाही प्रशासन की एक ऐसी व्यवस्था है जिसके द्वारा सभी प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन सुचारु रूप से किया जाता है। नौकरशाही के माध्यम से ही राज्य में किसी भी नियम व कानून को लागू किया जा सकता है और राज्य की अनेक प्रशासनिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है, जैसे–किसी राज्य को चुनाव प्रक्रिया के समय वहाँ अशांति फैलने से रोकना व शांति बनाए रखना।

नौकरशाही की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

**(1) नौकरशाही में अधिकारियों का क्रमबद्ध गठन**–नौकरशाही के अन्तर्गत छोटे-बड़े तथा निम्न से उच्च स्तर के अनेक अधिकारियों का गठन होता है। ये सभी अधिकारी अपनी योग्यता के आधार पर अपना निम्न या उच्च स्थान प्राप्त करते हैं तथा अपने पद के अनुसार एक-दूसरे पर निर्भर भी करते हैं, व सभी किसी भी कार्य को अपने अधिकारों का प्रयोग करके पूर्ण करते हैं। प्रत्येक नौकरशाह अपने से बड़े अधिकारी के आदेशों का पालन करता है तथा अपने से छोटे अधिकारी को किसी भी कार्य को पूर्ण करने का आदेश दे सकता है। इस प्रकार, नौकरशाही अनेक छोटे-बड़े अधिकारियों का वह प्रशासनिक तंत्र है, जो किसी भी प्रकार की प्रशासनिक व राजनीतिक तथा धार्मिक व्यवस्था के संचालन हेतु आधारशिला है।

**(2) नौकरशाही में व्यक्तिगत हित नहीं**–नौकरशाही में व्यक्तिगत हित नहीं होते। नौकरशाही में अधिकारी वेतन प्राप्त करते हैं तथा वे जो भी नियम-कानून लागू करते हैं, उसमें उनका कोई व्यक्तिगत स्वार्थ नहीं होता, बल्कि वे अपने से बड़े अधिकारी के आदेशों का पालन करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपने से छोटे अधिकारी की मदद से प्रशासनिक कार्यों का संचालन करते हैं।

**(3) नौकरशाही में अधिकारियों का चयन योग्यता के अनुसार**–नौकरशाही में जितने भी अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं, उनका चयन उनकी योग्यता व बौद्धिक क्षमता के आधार पर होता है न कि व्यक्तिगत विशेषता या जान-पहचान के आधार पर। कोई व्यक्ति जितनी व जिस प्रकार की शैक्षिक, बौद्धिक व क्षेत्र विशेष में सक्षम है, उसे उसी प्रकार का पद प्राप्त होता है, इसलिए नौकरशाही के अन्तर्गत केवल योग्य, तीव्र बौद्धिक क्षमता रखने वाला व्यक्ति ही स्थान प्राप्त कर सकता है।

**(4) नौकरशाही का आदर्श रूप**–नौकरशाही को प्रशासनिक व्यवस्था का आदर्श रूप माना जाता है, क्योंकि नौकरशाही में अधिकारी कानून के बनाए गए नियमों के अनुसार कार्य करते हैं, न कि अपनी व्यक्तिगत सोच व पसन्द के अनुसार। इनका चुनाव इनकी योग्यता के आधार पर किया जाता है, जिसमें उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक व वर्गीय संबंधों का कोई स्थान नहीं होता। इन अधिकारियों का स्थानान्तरण एक स्थान से दूसरे स्थान पर होता रहता है और जो भी नया अधिकारी इस पद पर नियुक्त होता है, वह अपने से पूर्व अधिकारी की भांति ही कार्य करता है। इस प्रकार, नौकरशाही को प्रशासनिक व्यवस्था का आदर्श रूप माना जाता है। इसके कार्य करने का तरीका तार्किक व वैधानिक, अर्थात् कानून के अनुसार होता है।

**(5) नौकरशाही का तार्किक-वैधानिक रूप**–नौकरशाही में व्यक्तिगत हितों, सोच व स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता, इसके अन्तर्गत कानून के नियमों का पालन व अपने से विशिष्ट अधिकारी का आदेश ही सर्वोच्च है, इसलिए यह एक विश्वसनीय व अनुकूल परिणाम देने वाली व्यवस्था मानी जाती है। इसकी कुछ विशेषताएँ, जैसे–अवैयक्तिकता, योग्यता पर बल, नियमों के अनुसार कार्यवाही, अधिकारियों की क्रमबद्ध नियुक्ति तथा एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरण आदि गुण इसे अधिक विश्वसनीय व्यवस्था बना देते हैं।

**(6) किसी भी समस्या का समाधान करने में सक्षम**–नौकरशाही में किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान करने का सामर्थ्य है। वह किसी भी समस्या को उत्पन्न होने व उग्र तथा हिंसक रूप लेने से पहले अनुमान लगा सकती है और समस्या को हिंसक रूप धारण करने से पूर्व ही हल कर सकती है। वह किसी भी प्रकार के अपराधी तथा अपने विरोधी को दण्ड देकर उचित कार्यवाही का संचालन कर सकती है।

**निष्कर्ष**–इस प्रकार उपर्युक्त विवरण के आधार पर कहा जा सकता है कि नौकरशाही किसी भी राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक व धार्मिक व्यवस्था के संचालन हेतु एक आवश्यक आधारशिला है। नौकरशाही के अन्तर्गत अनेक ऐसे गुण व विशेषताएँ हैं, जो इसे एक आदर्श व तार्किक वैधानिक रूप प्रदान करते हैं।

नौकरशाही एक स्वच्छ व निष्पक्ष प्रशासनिक तंत्र है, जिसके अन्तर्गत अधिकारियों की नियुक्ति उनकी योग्यता व बौद्धिक क्षमता के आधार पर एक क्रमबद्ध शृंखला के रूप में होती है, जिसमें प्रत्येक बड़ा अधिकारी अपने से छोटे अधिकारी को आदेश देकर नियम व कानून का पालन करता है। नौकरशाही में व्यक्तिगत हितों का कोई स्थान नहीं होता। इसमें केवल नियमों का पालन किया जाता है। इसमें कोई पारिवारिक, वैयक्तिक व आपसी संबंध मान्य नहीं होते। इन अधिकारियों का स्थानान्तरण एक स्थान से दूसरे स्थान पर होता रहता है और जो भी अधिकारी पूर्व अधिकारी का स्थान लेता है, वह उसी प्रकार कार्य करता है। नौकरशाही में किसी भी समस्या को उत्पन्न होने से पूर्व ही अनुमान लगाकर उसे हल किया जा सकता है और हिंसक व उग्र होने से बचाया जा सकता है।

इस प्रकार, नौकरशाही किसी भी राज्य की राजनीतिक, प्रशासनिक व धार्मिक व्यवस्था के संचालन हेतु महत्त्वपूर्ण आधिकारिक संगठन है।

**प्रश्न 2. आधुनिक राज्य ने राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा का किस प्रकार इस्तेमाल किया? 50 शब्दों में लिखिए।**

Neeraj Publications www.neerajbooks.com